सब्जी वाहनों के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना, कार्रवाही नहीं हुई तो करेंगे आंदोलनः कोहले



पिपलानारायणवार। राजना-बजाज मार्ग पर गोभी से लदे तेज रफ्तार पिकअप वाहनों से लगातार बढ़ रहे हादसों के खतरे को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोपान कोहले के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं नागरिकों ने पिपला नारायणवार पुलिस चौकी पहुंचकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया तथा चौकी प्रभारी शिवपाल सरयाम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सोपान कोहले ने बताया कि राजना-बजाज मार्ग क्षेत्र के लगभग 15 गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जिस पर रोजाना सैकड़ों किसान, विद्यार्थी और ग्रामीण आवागमन करते हैं। रोजाना 100 से 200 गोभी भरे पिकअप वाहन इस मार्ग से पिपला नारायण, रिधोरा और जाम सांवली होते हुए अत्यधिक तेज गति से गुजरते हैं। हाल ही में प्रभात पट्टन निवासी एक युवक की घोघरा के पास पिकअप की टक्कर से दर्दनाक मौत हो चुकी है, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पिपला नारायण, रिधोरा और जाम सांवली जैसे संवेदनशील स्थानों पर नियमित चेकिंग और स्पीड मॉनिटरिंग की जाए। सोपान कोहले ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए, तो ग्रामीण उग्र चक्काजाम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। लोधीखेड़ा थाना प्रभारी मर्सकोले ने दूरभाष पर और चौकी प्रभारी शिवपाल सरयाम ने प्रदर्शन कार्यों को आश्वस्त किया कि जल्दी चालानी कार्रवाई शुरू की जाएगी और चालकों को गति नियंत्रित रखने की सख्त हिदायत दी जाएगी।धरने में मुख्य रूप से दिलीप लांडे, अजय चौधरी, प्रेमराज फोले, निवृत्ति कोहले, राजेन्द्र इंगोले, प्रदीप चौरे, उदय इंगोले, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसानों ने सिंचाई समय में परिवर्तन की रखी मांग



सौंसर। गुरुवार को ग्राम जाम, खैरीपंथावली, सावली के किसानों ने मध्यप्रदेश विद्युत वितरण केंद्र के कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपकर सिंचाई हेतु बिजली आपूर्ति के समय में बदलाव करने की मांग की।नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं किसान नेता संजय ठाकरे के साथ ज्ञापन देने आए किसानों का कहना है, वर्तमान शेड्यूल के कारण आने वाले ठंड के मौसम में फसलों की सिंचाई करना बेहद कठिन हो जाएगा। वर्तमान में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा रात 10 बजे से तड़के 2 बजे तक बिजली आपूर्ति की जा रही है। आगामी ठंड और घने कोहरे के कारण सुबह व देर रात खेतों में सिंचाई करना काफी जोखिम भरा और कठिन होता है। किसानों ने विभाग से बिजली आपूर्ति का समय बदलकर प्रथम पाली में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तथा द्वितीय पाली में शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित करने की मांग की है।इस अवसर पर संजय ठाकरे, योगेश अतकरे, अमोल ठाकरे, दुर्गेश गुर्वे, दिनेश ठाकरे, प्रमोद राऊत, प्रमोद धमनर, नरेंद्र ठाकरे, राजू काले, मयूर ठाकरे आदि उपस्थित थे।

रझाड़ी पिपला में शॉर्ट सर्किट से लगी आग मजदूर परिवार का आशियाना खाक, जीवन-यापन का संकट



सौसर। ग्राम पंचायत रझाड़ी पिपला में गुरुवार की सुबह एक दुखद दुर्घटना में मनोज घागरे का पूरा मकान और घर-गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के वक्त परिजन काम से बाहर थे और मकान पर ताला लगा था। माना जा रहा है कि फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के बाद हुए जोरदार धमाके से आग भड़की और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।घर से धुआं उठते देख पड़ोसियों ने तत्काल मोहगांव नगर परिषद प्रशासन को इसकी सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पीड़ित परिवार औद्योगिक क्षेत्र में काम कर अपना भरण-पोषण करता है। इस भयावह अग्निकांड में घर में रखे बर्तन, कपड़े, अलमारी और अनाज समेत सारा राशन जलकर राख हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि पीड़ित परिवार के सामने अब दो वक्त की रोटी का भी संकट आन पड़ा है।पाई-पाई जोड़कर बनाए गए आशियाने के तिनका-तिनका बिखर जाने से घागरे परिवार पूरी तरह टूट चुका है।ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सर्वे मुआवजे की मांग की है।

मुख्यमंत्री के आगमन की आहट, प्रशासन हाई अलर्ट पर, पारडी रोड पर हेलीपैड स्थल का निरीक्षण

पांढुर्णा। आगामी 4 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित पांढुर्णा दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और हाई अलर्ट पर नजर आ रहा है। हालांकि, अभी तक मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक दौरा कार्यक्रम (प्रोटोकॉल) जारी नहीं किया गया है, लेकिन बीते दौरों के दौरान ऐन वक्त (4 से 6 घंटे पहले) कार्यक्रम जारी होने की परिपाटी को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी किसी भी प्रकार की रिस्क लेने के मूड में नहीं हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की सुगबुगाहट के बीच आज, 1 अक्टूबर को जिला प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने पारडी रोड स्थित संभावित हेलीपैड स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। तैयारियों में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने आपस में विस्तृत चर्चा की। प्रशासनिक गलियारों में जारी चर्चाओं के अनुसार, मुख्यमंत्री के इस संभावित दौरे के दौरान सांदीपनी विद्यालय का लोकार्पण तथा अमरावती रोड पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज का भूमिपूजन किया जा सकता है। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानीय एवं छिटपुट कार्यक्रमों को भी इस दौरे में शामिल करने पर विचार-विमर्श चल रहा है। प्रदेश की कमान संभालने के बाद डॉ. मोहन यादव का पांढुर्णा जिले में यह दूसरा दौरा होगा, लेकिन जिला मुख्यालय की धरती पर वे पहली बार कदम रखेंगे। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर आम जनता में भारी उत्सुकता है। पांढुर्णावासी यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि मुख्यमंत्री महोदय इस नए जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कोई बड़ी सौगात या ऐतिहासिक घोषणा करके जाएंगे।

वन्यप्राणियो के संरक्षण की शपथ लेकर निकाली जागरूकता रैली

छिंदवाड़ा। वन्यप्राणियों का मानव जीवन मे क्या महत्व है जिससे आने वाली पीढ़ी को सूरक्षित किया जा सकता है इस विषय की जानकारी देने के लिए कुकडा ग्राम उत्थान समिति के तत्वावधान मे स्थानीय हाई स्कूल मे जन जागरूकता कार्यक्रम विध्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र तिवारी की उपस्थिति मे किया गया इस अवसर पर .श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की,स्वंय सेवी संस्था कुकडा ग्राम उत्थान समिति द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों मे स्थानीय स्तर विद्यालय के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आम जनो एवं छात्रो को जाग्रत करने की अपील की हे ,जिससे की बफर जोन व कोर जोन मे विचलित कर रहे वन्य प्राणियों की सुरक्षा हो सके वही अवैध रूप से वन्यजीव के शिकार करने वाले शिकारी की सूचना देने पर उन्हें पुरूस्कृत किया जा सके । सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा ।

एक तरफ छोटे तस्करी पर शिकंजा
दूसरी तरफ शराब की कीमतों से मची लूट

स्कूटी से 316 पाव शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार, महारानी बीयर की बोतल पर एमआरपी 171 से 191 शराब दुकानों में बिक रही 250-280 में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

शराब के अवैध कारोबार पर आबकारी विभाग की कार्रवाई और शराब दुकानों पर बिक्री दर को लेकर सामने आ रही शिकायतों ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ विभाग ने रात में कार्रवाई करते हुए स्कूटी से परिवहन की जा रही 316 पाव यानी 56.88 बल्क लीटर देशी मसाला शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी तरफ Maharani Blue Label Super Strong Premium Beer की 650 एमएल बोतल सामने आने के बाद उसकी बिक्री कीमत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि बोतल पर 171 कीमत अंकित होने के बावजूद बाजार में इसे 250 से 280 तक में बेचा जा रहा है। हालांकि, इस अंतर की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए संबंधित उत्पाद की वर्तमान लागू MSP/MRP और दुकान की वास्तविक बिक्री का विभागीय टेस्ट पर्चेज जरूरी है।



बोतल की कीमत ने खड़ा किया दूसरा सवाल

अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के बीच शराब दुकानों पर कीमतों को लेकर सामने आ रही शिकायतों की भी चर्चा है। शिकायत के साथ सामने आई **Maharani Blue Label Super Strong Premium Beer** की 650 एमएल बोतल के लेबल पर 171 अंकित दिखाई दे रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार यही बीयर ग्राहकों को 250 से 280 तक में बेची जा रही है।यहां अहम सवाल यह है कि बोतल पर अंकित कीमत और मध्यप्रदेश आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित **MSP/MRP** में क्या संबंध है? केवल बोतल पर अंकित राशि देखकर यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि बिक्री अनिवार्य रूप से नियम विरुद्ध हुई है। मध्यप्रदेश में मदिरा उत्पादों के लिए **MSP** और **MRP** दोनों निर्धारित किए जाते हैं। आबकारी विभाग के उपलब्ध दस्तावेजों में अलग-अलग ब्रांड और पैकिंग के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम विक्रय मूल्य दर्ज हैं।



परीक्षण खरीदी से सामने आ सकती है हकीकत

एमपी की सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज मामलों से भी पता चलता है कि शराब की कीमत को लेकर शिकायत मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा परीक्षण खरीदी कराया जाता है। जून 2026 में जबलपुर की एक शिकायत में **MRP** से अधिक कीमत पर शराब बिक्री की शिकायत पर परीक्षण खरीदी कराया गया। विभागीय जांच में शराब की कीमत **MSP** और **MRP** के बीच पाई गई। इसी तरह मार्च 2026 में जबलपुर की एक अन्य शिकायत में भी टेस्ट पर्चेज के दौरान शराब का मूल्य शासन द्वारा निर्धारित **MSP** और **MRP** के बीच पाया गया। वहीं बड़वानी की शिकायत में टेस्ट पर्चेज के दौरान संबंधित दुकानों पर बिक्री मूल्य **MSP** और **MRP** के बीच पाया गया और बिल दिए जाने का उल्लेख जांच रिपोर्ट में है। ऐसे में छिंदवाड़ा में सामने आई शिकायत की स्थिति भी स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में टेस्ट पर्चेज कर आसानी से स्पष्ट की जा सकती है।

स्कूटी की डिक्की से निकली शराब

कलेक्टर हरेन्द्र नारायण के निर्देशन और सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य के मार्गदर्शन में चौरई वृत्त के आबकारी अमले ने 30 सितंबर और 1 अक्टूबर की मध्यरात्रि छिंदवाड़ा-सिवनी मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की। मरकाम ढाना और सिहोरामाल के बीच पुलिया के पास होंडा स्कूटी क्रमांक एमपी 28 एसबी 0387 को रोककर गवाहों के समक्ष तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान नायलॉन के बोरे, थैले और स्कूटी की डिक्की से कुल 56.88 बल्क लीटर देशी मसाला मदिरा बरामद हुई। विभाग ने ग्राम देवर्धा (काराघाट) निवासी साजन वर्मा को मौके से गिरफ्तार किया। शराब और वाहन की अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है।आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आबकारी विभाग के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने शराब छिंदवाड़ा निवासी पीयूष मालवी से मिलने और इसे लक्खा पिपरिया निवासी सत्यनारायण वर्मा के पास पहुंचाने की बात बताई है। इन बयानों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।कार्रवाई में वृत्त चौरई प्रभारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश सिंघल, प्रधान आरक्षक राजकुमार यदुवंशी और आरक्षक भारती मरकाम शामिल रहे।



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना हमारा संकल्प : सांसद

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सेवा संकल्प अभियान के आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद विवेक बंटी साहू, जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव सहित भाजपा के जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंडल पदाधिकारियों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान अभियान के तहत अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले सेवा सेतु अभियान की विस्तृत कार्ययोजना रखी।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने के लिए कार्यकर्ता सक्रियता से सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच बेहतर समन्वय से विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने, उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

सांसद आज पिपरिया कला में करेंगे स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू 2 अक्टूबर को जहां पिपरिया कलां में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे वही जिले में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सांसद श्री साहू आज सुबह 7 बजे अनगढ़ हनुमान मंदिर छिन्दवाड़ा में सेवा मेरा योगदान गतिविधियों के तहत एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छताकर्मियों का सम्मान करते हुए प्लास्टिक मुक्त परिसर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 12 बजे ग्राम पिपरिया कलां में सेवा संकल्प अभियान एवं 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत गोंदरा के ग्राम राजना में आंगन मिलन सेवा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5 बजे परासिया के ग्राम छिन्दा सेठिया में स्थित दुर्गा ग्राउण्ड में आयोजित विशाल इनामी दंगल के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

गोटमार में गोफन चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

गोटमार मेले के इतिहास में पहली बार बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्णा के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक गोटमार मेले के इतिहास में इस बार प्रशासन ने एक नया और कड़ा अध्याय जोड़ दिया है। मेले के दौरान नियम तोड़कर गोफन का इस्तेमाल करने वाले उपद्रवियों पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गोटमार के इतिहास में यह पहला मौका है जब गोफन चलाने वालों पर प्रशासन ने केवल आश्वासन न देकर इस तरह की ठोस और दंडात्मक कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 11 सितंबर को आयोजित गोटमार मेले के दौरान प्रशासन द्वारा वीडियो फुटेज एकत्र किए गए थे। फुटेज की गहन जांच के बाद पुलिस ने गोफन से पथराव करने वाले दो आरोपियों की शिनाख्त की।

20 दिनों बाद शिकंजे में आए आरोपी

मेले के 20 दिनों बाद, 1 अक्टूबर को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सन्नी पिता वामनराव कुंभारे (निवासी राधाकृष्ण वार्ड, पांढुर्णा) और जितेंद्र मानकर पिता लक्ष्मण मानकर (निवासी भवानी वार्ड, पांढुर्णा) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मोहित गणवीर के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उनका जेल वारंट कटने के बाद दोनों को जेल रवाना कर दिया गया।



कलेक्टर व एसपी की पहल से कायम हुई मिसाल

उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से आम जनता द्वारा प्रशासन के समक्ष यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाता रहा है कि गोटमार में गोफन चलाने वालों पर हर बार सख्त कार्रवाई का वादा तो किया जाता है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता। हालांकि, इस बार कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ और एसपी प्रकाशचंद्र परिहार की सजगता व दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इस परंपरा पर लगाम लगाने के लिए एक बड़ी पहल देखने को मिली है। अधिकारियों द्वारा दिखाई गई इस कड़ाई से मिसाल पेश हुई है और भविष्य में मेले के दौरान जानलेवा गोफन का इस्तेमाल करने वालों के लिए यह एक सख्त चेतावनी है।

335 मरीजों का उपचार कर बांटी दवाई

छिन्दवाड़ा। हमारे जिले के दूर दराज क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा मिले उनकी बड़ी बीमारियों का इलाज अच्छे अस्पतालों में हो सके इसी उद्देश्य को लेकर छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ हमारी सरकार छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले के दूरस्थ अंचलों के गांवों के विकास को लेकर कृतसंकल्पित है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा के सांवरी मंडल के दूरस्थ ग्राम भवारी में आयोजित 15वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए कहीं। शिविर के दौरान दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से पहुंचे 335 मरीजों का निःशुल्क उपचार कर दवाओं का वितरण किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम भवारी पहुंचकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया, उन्होंने शिविर के दौरान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों से व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टॉफ को मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार करने के लिए कहा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब कल्याण व जन कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं और आज उन्हीं की योजनाओं से दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत एक महाशक्ति बनकर उभर कर आ रहा है।

पीएम जनमन अभियान ने बदली अन्तलाल की जिंदगी

खुले में शौच से मुक्ति सहित हर एक योजना ने बदला विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

यह कहानी है छिंदवाड़ा जिले के तामिया विकासखंड के ग्राम सिधौली निवासी 57 वर्षीय अन्तलाल भारती की। विशेष पिछड़ी भारिया जनजाति से आने वाले श्री अन्तलाल का जीवन लंबे समय तक संघर्षों से भरा रहा। परिवार के भरण-पोषण के लिए उन्हें गांव से पलायन कर दूसरे जिलों में मजदूरी की तलाश में जाना पड़ता था। कृषि मजदूरी और वनोपज ही परिवार की आय के प्रमुख साधन थे। अन्तलाल भारती का परिवार बड़ा है। पत्नी सविता सहित उनकी चार बेटियां और एक पुत्र परिवार का हिस्सा हैं। सीमित आमदनी में पूरे परिवार का भरण-पोषण करना उनके लिए हमेशा चुनौती रहा। परिवार के पास अन्त्योदय राशन कार्ड था, लेकिन स्थायी और सुरक्षित आवास का सपना अब तक अधूरा था। पीएम जनमन योजना का लाभ मिलने से पहले अन्तलाल अपने परिवार के साथ मिट्टी की दीवारों वाले कच्चे मकान में रहते थे। बरसात का मौसम उनके लिए परेशानी लेकर आता था। बारिश का पानी घर में प्रवेश कर जाता, जिससे कपड़े, अनाज और घरेलू सामान खराब हो जाते थे। बेटियों का खुले में शौच के लिए जाना और भी कष्टप्रद था। उनकी सुरक्षा की चिंता रहती थी। उनके समुचित पोषण की भी चिंता बनी रहती थी। काम की तलाश में गांव से बाहर जाना पड़ता था। परिवार से दूर रहकर मजदूरी करना उनकी मजबूरी थी। लेकिन फिर प्रधानमंत्री जनमन अभियान के माध्यम से उनके जीवन में बदलाव की शुरुआत हुई। वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत अन्तलाल भारती को पक्के आवास की स्वीकृति मिली। आवास निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की सहायता प्राप्त हुई और स्वयं मजदूरी कर आवास निर्माण करने पर 21 हजार रुपये की सहायता भी मिली। जिस परिवार ने वर्षों तक मिट्टी की दीवारों वाले घर में बरसात की चिंता के साथ जीवन बिताया था, उसके सामने अब पक्का, लेंटर वाला मकान खड़ा था।



शिक्षा विभाग की लापरवाही छात्रों पर भारी, स्कूल में टॉप करने वाले बच्चों को मिलती है स्कूटी

12 दिन बाद भी 95% अंक लाने वाले मेधावी स्कूटी की राशि को तरसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी योजना जिले में विभागीय अधिकारियों की संवेदनहीनता और ढुलमुल कार्यप्रणाली की भेंट चढ़ती दिख रही है। गत 19 सितंबर को बड़े-बड़े दावे करते हुए मेधावी विद्यार्थियों के खातों में स्कूटी की राशि अंतरित का प्रचार किया गया, लेकिन हकीकत यह है कि 12 दिन बीत जाने के बाद भी होनहार पांढुर्णा के 2 पात्र विद्यार्थी शासकीय तंत्र की मेहरबानी का इंतजार कर रहे हैं।

मामला पांढुर्णा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराठा से जुड़ा है, जहां शिक्षा विभाग के लचर रवैये के कारण दो बेहद प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हुए हैं। सिराठा विद्यालय की छात्रा निहारिका (निवासी ग्राम टेमनीकला) ने 12 वीं बायो संकाय में 95 प्रतिशत तथा छात्र यश (निवासी ग्राम सिराठा) ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया था। नियमानुसार दोनों छात्र मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के शत-प्रतिशत पात्र हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक सुस्ती का आलम यह है कि 12 दिन बाद भी इनके खातों में फूटी कौड़ी तक नहीं पहुंची है। सवाल उठ रहा है कि जब शासन स्तर से बजट और नीति स्पष्ट है, तो फिर पांढुर्णा के इन मेधावियों का हक किस फाइल में दबाकर रखा गया है?



शिकायत मत करो, चुपचाप इंतजार करो

योजना का लाभ न मिलने पर जब पीड़ित परिजनों ने शिक्षा विभाग के चक्कर काटे, तो समाधान की जगह उन्हें अधिकारियों की बेरुखी और गैर-जिम्मेदाराना जवाब मिला। परिजनों का आरोप है कि समस्या का समाधान करने के बजाय विभागीय अमले ने उन्हें शांत रहने और शिकायत न करने की नसीहत दे डाली। शिक्षा विभाग का यह रवैया साफ दर्शाता है कि उन्हें विद्यार्थियों के प्रोत्साहन और उनके हक से कोई सरोकार नहीं है।

कलेक्टर समीक्षा बैठक में मामला आया या नहीं

इस पूरे घटनाक्रम ने जिला प्रशासन की समीक्षा बैठकों की पोल खोलकर रख दी है। आमजन अब सीधे सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कलेक्टर द्वारा ली जाने वाली समीक्षा बैठकों में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आधी-अधूरी और भ्रामक जानकारी पेश करते हैं ? गत समीक्षा बैठक में यह मामला अपनी वास्तविक स्थिति में रखा गया या नहीं ? यदि 95 फीसदी अंक लाने वाले बच्चों को अपने हक के लिए दफ्तरों के धक्के खाने पड़ें और विभागीय लापरवाही पर पर्दा डाला जाए, तो ऐसे में सरकारी व्यवस्था की साख पर बट्टा लगना तय है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोनों मेधावी विद्यार्थियों के खातों में स्कूटी की राशि जमा नहीं की गई, तो वे अन्य रास्ता अपनाएंगे।

पुलिस ने नंबर प्लेट के ऊपर लगी नेम प्लेट हटवाई दोबारा नहीं लगाने की दी चेतावनी

वाहन से हटाई गई नपा अध्यक्ष की नेम प्लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पालिका परिषद परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय के निजी वाहन में लगी नेम प्लेट पुलिस द्वारा हटाई गई। साथ ही दुबारा नेम प्लेट न लगाने की चेतावनी दी गई है। मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह नेम प्लेट किसी शासकीय वाहन पर नहीं बल्कि विनोद मालवीय के निजी वाहन पर नंबर प्लेट के ठीक ऊपर लगाई गई थी।

पुलिस की कार्रवाई के बाद एक बार फिर यह संदेश सामने आया है, कि सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति भी वाहन संबंधी निर्धारित नियमों से ऊपर नहीं हैं





।पुलिस की यह कार्रवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि सार्वजनिक पद की पहचान और प्रतिष्ठा का इस्तेमाल निजी वाहन पर इस तरह प्रदर्शित करना नियमों के अनुरूप है या नहीं, यह सीधे तौर पर प्रशासनिक एवं यातायात नियमों के दायरे में आता है।

नवरात्रि पर्व को लेकर सिंगोड़ी में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



डीजे पर प्रतिबंध, दुर्गा पंडालों में समिति सदस्यों की मौजूदगी और साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था पर जोरसिंगोड़ी। नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सिंगोड़ी चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे, एसडीओपी कल्याणी बरकड़े, टीआई राजेंद्र धुर्वे एवं चौकी प्रभारी पंकज राय की उपस्थिति रही।बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान डीजे पर प्रतिबंध सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने दुर्गा पंडाल समितियों से कहा कि पंडालों में समिति के सदस्य लगातार मौजूद रहें और आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।वहीं ग्राम पंचायत सिंगोड़ी को नगर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने तथा विद्युत मंडल को प्रमुख स्थानों सहित आवश्यक जगहों पर प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश एवं चर्चा की गई।

बैठक में नवरात्रि के दौरान मदिरापान कर उपद्रव करने वाले एवं असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने सभी समितियों एवं नागरिकों से पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य गण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जन गणना के बाद हो परिसीमन बढ़ाई जाए वार्डों की संख्या

परासिया :- नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने 2027 में जनगणना के बाद परासिया शहर में नए सिरे से परिसीमन कराकर वार्डों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई है। इसके लिए उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है।बता दें, कि परासिया शहर में नगरपालिका को बने 50 वर्ष हो गए हैं। 1975 में परासिया नगरपालिका अस्तित्व में आई थी और तब 18 वार्ड बने थे। श्री सिंह ने कहा, कि अब तक शहर जनसंख्या लगभग 50 हजार के ऊपर है और मतदाता लगभग 36 हजार के आसपास हो गए हैं। कई वर्षों से परासिया में परिसीमन नहीं हुआ है। अभी नगर पालिका में कुल 21 वार्ड हैं जबकि वार्डों की संख्या 21 से अधिक होना चाहिए था जो नहीं हुई। उन्होंने कहा, कि फरवरी 2026 माह में जनगणना होना है। उसके बाद नए सिरे से शहर में वार्डों का परिसीमन कराकर वार्डों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए ताकि हर वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल सके और शहर का विकास और अधिक तेजी से हो सके।

प्राचार्य ओमकार और शिक्षक बद्रीप्रसाद को दी सेवानिवृत्ति पर विदाई

सिंगोड़ी: शासकीय हाई स्कूल खामीहीरा के प्राचार्य ओमकार शाह बरकडे एवं श्री बद्रीप्रसाद वर्मा शिक्षक सेवानिवृत हुई, खामीहीरा स्कूल में स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया। श्री बरकडे ने 41 वर्ष 1 माह निर्वाहय एवं सफलता पूर्वक कार्य किया। इस अवसर पर ग्रामीण छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों ने आपको आदर्श मानते थे। इनके रिटायरमेंट के दौरान सभी भावुक हो गए तथा सभी ने पूरे ग्राम में स्वागत और बिदाई रैली निकाली गई जिसमें जगह जगह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अनुराग मिश्रा, बीआरसी विनोद वर्मा, अनिल नेमा,प्राचार्य संजय सिन्हा, प्राचार्य सतीश जी, पूर्व प्राचार्य, श्री सीलु, प्राचार्य पप्पूराव सोनी, दीकाराम डहरिया, अरविंद करपेटी, बेनीराम गोहिया, राजेश साहू,सुजाता डोंगरे, जयकुमार डेहरिया, हसीबुन निशा मंसूरी, श्रीमती रुबीना मंसूरी, अशोक श्री बेनीराम गोहिया श्री, राजेश साहू श्रीमती सुजाता डोंगरे, श्री जयकुमार डेहरिया, सफीक मंसूरी, अशोक राठौर,पाकीजा अंसारी, नेहा नामदे, शोभना चौरसिया आदि उपस्थित थे।

वृद्धजन दिवस पर नगर पालिका परासिया ने वृद्धजनों का किया सम्मान



परासिया : वृद्धजन दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद परासिया द्वारा कार्यालय सभाकक्ष में शहर के वृद्धजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजनों का माला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया ।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 की सभापति एवं पार्षद श्रीमती शोभा सेंगर, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद आशीष जायसवाल, प्रदीप राजपूत सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके अनुभवों और मार्गदर्शन को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। नगर पालिका द्वारा वृद्धजनों के सम्मान एवं गरिमा को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों को सामाजिक सरोकार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

आबकारी ने जंगल में नष्ट की 12 टन महुआ लाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



थाना दमुआ अंतर्गत ग्राम हरियागण के जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से शराब निर्माण के लिए तैयार कर रखा गया करीब 12 हजार किलोग्राम यानी 12 टन महुआ लाहन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नष्ट किया। यह कार्रवाई 30 सितंबर 2026 को थाना प्रभारी प्रमोद सिंह सिरसाम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।पुलिस को जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ लाहन तैयार कर कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हरियागण के जंगल में पहुंचकर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में महुआ लाहन शराब निर्माण के लिए तैयार कर रखा हुआ मिला। पुलिस टीम ने मौके पर ही करीब 12 टन महुआ लाहन को नष्ट किया।पुलिस की इस कार्रवाई से जंगल क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण की गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण एवं बिक्री के खिलाफ लगातार निगरानी रखे जाने की बात कही गई है।पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिकापूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद सिंह सिरसाम के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक शैलेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक धरमदास यादव, आरक्षक सुरजीत एवं आरक्षक मेनसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम ने जंगल क्षेत्र में पहुंचकर लाहन के स्थानों की पहचान की और बड़ी मात्रा में मिले महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया।थाना प्रभारी प्रमोद सिंह सिरसाम ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जंगल एवं सुनसान क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बनाने वालों पर पुलिस की नजर है और सूचना मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।दमुआ पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब निर्माण करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

सेवा पूर्ण कर शशि बाई हुईं सेवानिवृत्त, महाविद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई



दमुआ। शासकीय महाविद्यालय दमुआ में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती शशि बाई के 31 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने उनके दीर्घ सेवाकाल में किए गए कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि 31 वर्षों की सेवा किसी भी कर्मचारी के समर्पण, निष्ठा और जिम्मेदारी का परिचायक है। शशि बाई ने अपने सेवाकाल में पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। महाविद्यालय की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का एक पड़ाव है और जीवन के नए चरण की शुरुआत भी है। उन्होंने शशि बाई के स्वस्थ, सुखमय एवं शांतिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की।

जिला बौद्ध संघ का स्थापना दिवस व वार्षिक आमसभा 3 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

बालाघाट जिला बौद्ध संघ का 3 अक्टूबर 2026 को 52 वॉ स्थापना दिवस समारोह व वार्षिक आम सभा कमला नेहरू सभा गृह अंबेडकर चौक के पास बालाघाट में मनाया जायेगा। कार्यक्रम का आरंभ पूजा वंदना से दोपहर 12 बजे पूज्य भिक्षु संघ एवं डॉक्टर आर के डोंगरे बोधाचार्य बालाघाट जिला बौद्ध संघ द्वारा होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन सुलोचना ताई चौहान वरिष्ठ सदस्य बालाघाट जिला बौद्ध संघ एवं मुख्य अतिथि मिलिंद बौद्ध भोपाल राष्ट्रीय अध्यक्ष पारिवारिक धर्म संगोष्ठी एवं निशा बांगरे पूर्व एसडीएम मध्य प्रदेश शासन भोपाल होंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि स्वप्निल डोंगरे अधिवक्ता, रविंद्र बांगरे भोपाल, एल डी मेश्राम, जी पी हुमनेकर, सचिन मेश्राम बालाघाट, एडवोकेट अशोक वासनिक वारासिवनी पूर्व जिला अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ बालाघाट व वरिष्ठ अतिथि आर सी नागदेवे, भावदास चौहान फुटारा, अजय रावतकर बालाघाट, एच आर रानाडे जी चिकला, आर बी ढोके बालाघाट, दिलीप बागडे छिंदवाड़ा, जी आर डोंगरे वारासिवनी, एन एल मेश्राम कटंगी, एन आर डोंगरे बालाघाट, करुणा रामटेक वारासिवनी, ज्योति नागदेव वारासिवनी, डॉक्टर अशोक डोंगरे भरवेली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जे एस चौरे कार्यकारी जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ करेंगे। मंच संचालक सुरेंद्र गजभिए एवं एस आर उके होंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित की अपील एवं निवेदन जिले की समस्त तहसीलों के बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं सहित समस्त पदाधिकारियों ने की है। उक्ताशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉक्टर आर के डोंगरे बोधाचार्य एवं पूर्व श्रामणेर द्वारा प्रेषित की गई है।

पाली एकेडमिक महाविद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

छात्र-छात्राओं ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली, नगर के मुख्य मार्गों पर चलाया सफाई अभियान; पौधारोपण कर स्वच्छता के प्रति लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज लांजी। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार 17 सितंबर 2026 से 2 अक्टूबर 2026 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन, बिसोनी में डायरेक्टर श्रीमती वंदना विद्या के मार्गदर्शन में विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान का समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में किया जाएगा। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभागीता, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखी गई है।स्वच्छता अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ जनभागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी न मानकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बनाने का संकल्प लिया।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में स्वच्छता संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर विभिन्न नारों एवं स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।रैली के दौरान विद्यार्थियों ने लोगों से अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने की अपील की। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए स्वच्छता संदेशों से नगरवासियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

जागरूकता रैली के साथ विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से सफाई करते हुए आसपास बिखरे कचरे को एकत्रित किया और लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।अभियान में महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इनमें बीएससी, बीएड, डीएलएड, बीए एवं बीएससी सहित अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल रहे। विद्यार्थियों के साथ अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्वच्छता अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण भी किया गया। विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार ने पौधों की देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे से जुड़े हुए विषय हैं। स्वच्छ वातावरण के साथ हरित वातावरण का निर्माण भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्वच्छता अभियान के साथ पौधारोपण को भी जोड़ा गया।

सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में मनाया गया विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह



नृत्य में मधु ठाकरे, श्लोक में आदित्य व प्रिया, चित्रांकन में मधु व मयंक ने पाया प्रथम स्थान,

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्राचार्य एवम् विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह 2026 के नोडल अधिकारी हुमराज पटले के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक लखन रिनायत, डेलेन्द्र मेश्राम, कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र मिश्रा, सहायक प्रभारी श्रीमती अन्नू एम राहंगडाले रही। कार्यक्रम में प्रवीण राणा, कमल टेम्भरे, दुर्गेश शिवहरे, मुकेश देशकर, सुश्री डॉली खैरवार, टीकाराम डहेरिया, अमित डोंगरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समस्त विद्यालय परिवार का योगदान भी सराहनीय रहा।

कार्यक्रम में श्लोक, चित्रांकन प्रतियोगिता, नृत्य नाटिका आदि प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गई। नृत्य नाटिका में मधु ठाकरे एवम् समूह प्रथम, श्लोक प्रतियोगिता में आदित्य चैनलाल शुक्ला प्रथम, प्रिया बोपचे प्रथम, चित्रांकन प्रतियोगिता में मधु चौहान व मयंक गोविंद चौधरी प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर के लिए चयनित हुये। सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की प्राचार्य एवम् समस्त विद्यालय परिवार कामना की हैं।

ग्रामीणों ने कहा रोजगार नहीं, बीमारी देगा दिव्या मिनरल्स का प्लांट

मैंगनीज प्रोसेसिंग प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों में उबाल



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत चाकाहेटी के अर्जुनटोला में इन दिनों एक औद्योगिक इकाई को लेकर जमकर विरोध हो रहा है। तिरोड़ी से बम्हनी मार्ग पर निर्माणाधीन दिव्या मिनरल्स प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ स्थानीय ग्रामीण गुरूवार को खुलकर सामने आ गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रोसेसिंग यूनिट के शुरू होने से गांव की आबोहवा, जल और जमीन तीनों जहरीली हो जाएगी और आने वाली पीढ़ी को सिर्फ बीमारी मिलेगी। इस विरोध की अगुवाई जनपद सदस्य चमन डोंगरवार कर रहे हैं, जिनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण मंडल तक अपनी आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी में हैं। ग्रामीण राकेश डहरवाल ने बताया कि कंपनी यहां बाहर से मैंगनीज अयस्क लाकर प्रोसेस करेगी। जानकारी के अनुसार यह एमएम-2 ग्रेड का प्लांट बताया जा रहा है, जो पूरी तरह से ऑटोमेटिक रहेगा। यहीं पर ग्रामीणों की सबसे बड़ी चिंता है। एक ग्रामीण ने कहा कि इसमें मजदूरों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। तो स्थानीय युवाओं को रोजगार कैसे मिलेगा? रोजगार के नाम पर सिर्फ 4-5 चौकीदार की नौकरी मिलेगी और बीमारी पूरे गांव को मिलेगी। ग्रामीणों के अनुसार यहां मैंगनीज डाइऑक्साइड प्रोसेस होगा। इस प्रक्रिया में अत्यधिक गर्मी पैदा होती है और जहरीला धुआं निकलता है। ग्रामीणों का कहना है कि मैंगनीज डाइऑक्साइड की डस्ट और धुआं सांस के जरिए फेफड़ों में जाता है, जिससे अस्थमा, टीबी जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं।

आंगनवाड़ी के पास प्लांट, खेतों में जाएगा जहरीला पानी

विरोध का एक बड़ा कारण प्लांट की लोकेशन है। जिस जगह प्लांट का निर्माण हो रहा है, उसके ठीक बगल में आंगनवाड़ी केंद्र है, जहां रोज छोटे-छोटे बच्चे आते हैं। कुछ ही मीटर की दूरी पर किसानों की उपजाऊ खेती है। ग्रामीण आकाश भलावी ने चिंता जताते हुए कहा, प्लांट से जो प्रदूषित पानी निकलेगा, वह कहां जाएगा? सीधा हमारे खेतों में। मैंगनीज के पानी से खेती बंजर हो जाएगी। यह पानी नाले के जरिए हमारे कुओं और हैंडपंपों में जाएगा। भूमिगत जल प्रदूषित होगा तो पीलिया, टाइफाइड और चर्म रोग जैसी बीमारियां फैलेंगी। क्या कंपनी ने इसका कोई ट्रीटमेंट प्लांट बनाया है? ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कंपनी ने पर्यावरणीय पहलुओं को लेकर गांव में कोई जनसुनवाई नहीं की। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत चाकाहेटी के सरपंच देवेन्द्र मरकाम से पूछा गया कि क्या पंचायत ने इस प्लांट को एनओसी जारी की है, तो उन्होंने एनओसी जारी करने की बात स्वीकार की। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर एनओसी देना एक औपचारिकता भर है, लेकिन असली अनुमति तो पर्यावरण विभाग और जिला प्रशासन को देनी है। उन्होंने मांग की है कि जब तक प्रदूषण नियंत्रण मंडल की रिपोर्ट और ग्राम सभा की सहमति नहीं आती, तब तक निर्माण कार्य रोका जाए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में 'कहानी बदलाव' कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 1 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'कहानी बदलाव की—सफलता कथा संचालन' आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं के संघर्ष, दृढ़ संकल्प और सफलता की कहानियों को ऑडियो-वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाघाट से आए राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री सुनील मेश्राम रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रक्षा निकोसे सहित डॉ. अनिरुद्ध सिंह काकोड़िया, श्री मोहनीष इड़पाचे, श्रीमती रोहिणीदेवी पटले, डॉ. टीना बिसेन, डॉ. हर्षिता मेश्राम, श्रीमती विभूति पाण्डेय, श्रीमती रश्मीबाला पारधी, श्री पराग पालेवार एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महिलाओं के संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियों से परिचित कराया गया तथा उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया गया।

खबर संक्षेप

अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के निर्देशानुसार गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज 2 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे से जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास क्रमांक-1, बींझावाड़ा, सिवनी के प्रांगण में किया जाएगा। शिविर में अस्पृश्यता निवारण एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ-साथ शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने के लिए संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। शिविर का उद्देश्य सामाजिक समरसता, समानता एवं सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना है।

जिला कौशल समिति की बैठक 5 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नोडल प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला कौशल विकास योजना तैयार की जा रही है। जिला कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल विकास, प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियों की जानकारी का संकलन किया जाना है। साथ ही जिले में उपलब्ध प्रशिक्षण क्षमता, उद्योगों एवं निवेश की संभावनाओं के आधार पर रोजगार की मांग का आकलन करते हुए उभरते हुए क्षेत्रों एवं विभिन्न कार्य क्षेत्रों में आवश्यक रोजगार भूमिकाओं को चिन्हित किया जाना है। इस संबंध में जिला कौशल समिति की बैठक 5 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, सिवनी में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।
बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार, रोजगारोन्मुखी गतिविधियों तथा अन्य संबंधित जानकारी पर चर्चा की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों से अपने विभाग से संबंधित आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

नागपुर में 3 अक्टूबर को सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। खाटू नरेश बाबा श्याम की भक्ति और संगीतमय भजनों से सजी भव्य भजन संध्या 'रूबरू मेरे श्याम से' का आयोजन शनिवार, 3 अक्टूबर को नागपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 2.15 बजे से प्रभु इच्छा तक पारडी स्थित भवानी माता मंदिर के समीप रॉयल मां गंगा सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित होगा। आयोजन में बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। कोलकाता के कारीगरों द्वारा आकर्षक पुष्प-दरबार सजाया जा रहा है। इस अवसर पर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी, संपूर्ण परिसर को इत्र की सुगंध से सुवासित किया जाएगा तथा बाबा श्याम को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसी दिन नागपुर के नंदनवन स्थित श्याम धाम मंदिर में भी कोलकाता से मंगाए गए विशेष पुष्पों से बाबा का श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम में खाटू श्याम मंदिर, राजस्थान के निज मंदिर पुजारी रविंद्र सिंह चौहान का सानिध्य प्राप्त होगा। वहीं कोलकाता के प्रसिद्ध भजन रचयिता निर्मल झुनझुनवाला के मार्गदर्शन में भजन संध्या आयोजित की जाएगी। श्री श्याम परिवार समिति, सिवनी ने नगर एवं आसपास के सभी श्याम प्रेमियों से परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बाबा श्याम के भजनों की अमृतगंगा और दिव्य दरबार का लाभ लेने का आग्रह किया है।

पेंच नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र के प्रवेश द्वार पर्यटकों के लिए पुनः खुले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।





1 अक्टूबर 2026 से पेंच नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वार पर्यटकों के लिए पुनः खोल दिए गए हैं। मानसून अवधि समाप्त होने के पश्चात पर्यटन सीजन की औपचारिक शुरुआत के साथ पेंच टाइगर रिजर्व में सफारी गतिविधियाँ फिर से प्रारंभ हो गई हैं। इस वर्ष भी पर्यटन सीजन का शुभारंभ अत्यंत भव्य एवं सार्थक तरीके से किया गया। प्रत्येक प्रवेश द्वार पर बाघिन दीदी, पेंच मित्र दल के सदस्य तथा महिला गाइडों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ सफारी का औपचारिक उद्घाटन किया गया। 'बाघिन दीदी' पहल के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। बाघिन दीदी ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम तथा जागरूकता के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुँचाएँगी। पेंच टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। पिछले वर्ष यहाँ कुल 2.17 लाख पर्यटकों ने भ्रमण किया था। वर्ष 2023 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लगभग 254 करोड़ रुपये की आय प्राप्त होने का आकलन किया गया है। यह आँकड़ा न केवल पर्यटन की लोकप्रियता को दर्शाता है, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति पर इसके सकारात्मक प्रभाव को भी रेखांकित करता है। पेंच टाइगर रिजर्व विश्व साहित्य में भी अपना विशिष्ट स्थान रखता है। प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक रुडयार्ड किपलिंग के अमर उपन्यास 'द जंगल बुक' के मुख्य पात्र मोगली की प्रेरणास्थली यही क्षेत्र माना जाता है।
यहाँ पाए जाने वाले वन्यप्राणियों में विशेष रूप से बघीरा (काला तेंदुआ) के लिए यह रिजर्व प्रसिद्ध है। वर्तमान में पेंच में लगभग 79 वयस्क बाघ एवं 15 शावक स्वच्छंद रूप से विचरण कर रहे हैं, जो इस संरक्षित क्षेत्र की समृद्ध जैव-विविधता का प्रमाण हैं। पर्यटन मात्र आर्थिक गतिविधि नहीं है। इसके माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका के स्थायी एवं सम्मानजनक साधन उपलब्ध होते हैं। साथ ही, पर्यटकों एवं आम नागरिकों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक भावना का विकास भी होता है। मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने तथा संरक्षण के प्रति जन-सहभागिता बढ़ाने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है।
सफारी शुभारंभ कार्यक्रम क्षेत्र संचालक देवाप्रसाद जे., उपसंचालक पुनीत गोयल, सहायक संचालकों तथा समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएँ एवं सुरक्षित अनुभव प्रदान करने का आश्वासन दिया। पेंच प्रबंधन इस वर्ष पर्यटन में और अधिक वृद्धि होने तथा पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता वाला अनुभव उपलब्ध कराने की आशा व्यक्त करता है। टाईगर रिजर्व प्रबंधन का पूर्ण प्रयास है कि पर्यटन के साथ-साथ संरक्षण के लक्ष्य भी पूर्ण रूप से साधित हों।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई - डूण्डासिवनी का कुख्यात गुण्डा बदमाश युवराज उर्फ बहादुर तेकाम गिरफ्तार

17 आपराधिक प्रकरणों वाला बदमाश प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत भेजा गया जेल

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानीद्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु फरार एवं गुण्डा बदमाशों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 08/09/2026 को प्रार्थी शिवा कौशिक निवासी ग्राम बींझावाड़ा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि डूण्डासिवनी निवासी कुख्यात गुण्डा युवराज उर्फ बहादुर तेकाम द्वारा पुरानी रंजिश के चलते मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 29/09/2026 को मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल किया गया है। गिरफ्तार आरोपी युवराज उर्फ बहादुर तेकाम पिता स्व. बलवीरसिंह तेकाम उम्र 22 वर्ष निवासी गोंडी मोहल्ला, कबीर वार्ड थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी एक आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना कोतवाली एवं थाना डूण्डासिवनी में मारपीट, गाली-गलौज, धमकी एवं हत्या के प्रयास से संबंधित पूर्व से 17 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जसवंत सिंह, प्र.आर. कृष्णकुमार वानखेडे, सुधीर डहेरिया, सीताराम जावरे, कपिल कटरे, मुकेश इनवाती की विशेष भूमिका रही।

सिवनी के कराते खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम, जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिला कराते संघ सिवनी एवं टी.एस. शोतोकान कराते डो एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिले के कराते खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिवनी जिले का नाम गौरवान्वित किया।
इंदौर में 26 एवं 27 सितंबर 2026 को आयोजित 17वीं कुडो कप नेशनल कराते चैंपियनशिप में देशभर से खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में सिवनी जिले से शामिल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किए।
प्रतियोगिता में 6 वर्षीय कु. धरा चौरसिया ने काता एवं कुमिते दोनों विधाओं में स्वर्ण पदक हासिल कर शानदार उपलब्धि प्राप्त की। वहीं आदित्य कुमार ने काता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
कैडेट वर्ग में कु. मीनाक्षी कश्यप ने काता एवं कुमिते में रजत पदक प्राप्त किया। इसी वर्ग में कु. दिशा अग्रवाल ने काता में रजत पदक अर्जित किया। वहीं सीनियर वर्ग की कु. पूनम चौधरी ने काता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इन खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे सेंसेई राधिका कश्यप एवं शिहान ओमकार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के दम पर राष्ट्रीय मंच पर सिवनी का गौरव बढ़ाया।
खिलाड़ियों की इस सफलता पर शिहान ओमकार कश्यप ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर सिवनी के खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों की सफलता से सिवनी जिले के कराते खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि पर जिले के खेल जगत से जुड़े लोगों ने विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।
सिवनी के इन होनहार खिलाड़ियों की सफलता ने एक बार फिर साबित किया है कि उचित मार्गदर्शन, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ जिले की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। साथी 25 सितंबर 2026 की सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने जज की परीक्षा, सेंसेई मधुमाला एवं सेंसेई संस्कार पटले ने पास की जज बी की परीक्षा यशवंत कश्यप सुशील चंदेल सीता मसराम, अंजनी पन्द्रे ने परीक्षा पास कर सिवनी जिले के नाम को गौरवान्वित किया।

कलेक्टर कार्यालय परिसर में बिना अनुमति प्रदर्शन, जुलूस एवं समूह के प्रवेश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर कार्यालय, जिला सिवनी के परिसर में कानून-व्यवस्था एवं लोक प्रशांति बनाए रखने के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री द्वारा 29 सितंबर 2026 को जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर दो माह तक प्रभावशील रहेगा।
आदेश के तहत कलेक्टर कार्यालय परिसर में बिना अनुमति पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। परिसर में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का प्रदर्शन, जुलूस अथवा रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी तथा बिना अनुमति ज्ञापन देने के लिए प्रवेश भी नहीं किया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति लाठी अथवा अन्य धारदार हथियार लेकर कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिए संबंधित व्यक्ति या समूह को अनुविभागीय दंडाधिकारी/कार्यपालिक दंडाधिकारी सिवनी को पूर्व सूचना देना आवश्यक होगा। अनुमति प्राप्त होने के बाद भी ज्ञापन प्रस्तुत करने वाला पूरा समूह कलेक्टर कार्यालय परिसर में सीधे प्रवेश नहीं करेगा। समूह की ओर से एक प्रतिनिधि कार्यपालिक दंडाधिकारी से संपर्क कर ज्ञापन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त करेगा। संबंधित कार्यपालिक दंडाधिकारी अपने विवेकानुसार कार्यालय के भीतर अथवा बाहर ज्ञापन प्राप्त करेंगे।
आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ज्ञापन प्रस्तुत करते समय हिंसा भड़काने वाले, विभिन्न संप्रदायों के बीच वैमनस्य अथवा विवाद उत्पन्न करने वाले तथा किसी व्यक्ति के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नारों का उच्चारण नहीं किया जाएगा। समस्त ज्ञापन अनुविभागीय दंडाधिकारी सिवनी कार्यालय में कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं थाना प्रभारी के समक्ष लिए जाएंगे। यह आदेश आमजन पर लागू रहेगा। हालांकि कर्तव्य पर कार्यरत शासकीय सेवकों, पुलिस बल के सदस्यों, मजिस्ट्रेटों तथा शासन के निर्देशानुसार आयोजित बैठकों में आमंत्रित व्यक्तियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

11 केवी फीडर के मेंटेनेंस से 3 से 10 अक्टूबर तक प्रभावित रहेगी बिजली

रबी सीजन और दशहरा पर्व से पहले विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा विभाग, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बंद रखने की संभावना

बंडोल/सिवनी। आगामी रबी सीजन एवं दशहरा पर्व को देखते हुए विद्युत विभाग ने बंडोल वितरण केंद्र से संचालित 11 केवी फीडरों के आवश्यक रखरखाव एवं सुधार कार्य की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग द्वारा 3 से 10 अक्टूबर 2026 के बीच निर्धारित अवधि में मेंटेनेंस कार्य कराया जाएगा। इसके चलते संबंधित क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित अथवा बंद रह सकती है। मेंटेनेंस के दौरान विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं अन्य विद्युत अधोसंरचना की जांच और आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। विभाग का कहना है कि समय रहते किए जा रहे इन कार्यों का उद्देश्य रबी सीजन के दौरान विद्युत व्यवस्था को सुचारु रखने के साथ ही त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है।

उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

विद्युत विभाग ने संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि में होने वाले रखरखाव कार्य में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही उपभोक्ताओं से बिजली बिलों का समय पर भुगतान करने का आग्रह किया गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि मेंटेनेंस के दौरान विद्युत लाइनों एवं उपकरणों से दूरी बनाए रखें और विभागीय कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान न डालें।

सिवनी की उड़ान' से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को मिल रही नई दिशा

335 युवतियों और 220 युवकों सहित 555 अभ्यर्थी ले रहे निःशुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिले के युवाओं को पुलिस एवं सशस्त्र सेना सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गए 'सिवनी की उड़ान' प्रोजेक्ट में वर्तमान में 555 अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें 335 युवतियां और 220 युवक शामिल हैं।
प्रशिक्षण केंद्रों में नियमित कक्षाओं के साथ प्रश्नों का अभ्यास और मॉक टेस्ट कराए जा रहे हैं, जिससे अभ्यर्थी अपनी तैयारी को दिशा देने के साथ कमियों को पहचानकर उनमें सुधार कर रहे हैं।
जिले के तीन प्रशिक्षण केंद्रों में कुल पांच बैच संचालित किए जा रहे हैं। इनमें युवकों के दो तथा युवतियों के तीन बैच शामिल हैं। अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षाओं के लिए विषयवार तैयारी कराने के साथ बहुविकल्पीय प्रश्नों का अभ्यास, मॉक टेस्ट और परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षण की तैयारी के लिए भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नियमित अभ्यास से तैयारी में हो रहा सुधार- प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को प्रश्न हल करने का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। मॉक टेस्ट के माध्यम से उन्हें परीक्षा पैटर्न के अनुरूप प्रश्न हल करने का अवसर मिल रहा है। इससे अभ्यर्थी अपनी तैयारी का आकलन कर पा रहे हैं और जिन विषयों में उन्हें कठिनाई महसूस होती है, उन पर अतिरिक्त अभ्यास कर अपनी कमियों में सुधार कर रहे हैं।
परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रश्नों को कम समय में हल करने तथा समय-प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नियमित अभ्यास से अभ्यर्थियों में परीक्षा को लेकर आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए अधिक उत्साह के साथ तैयारी कर रहे हैं।

आगामी परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह

निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों में आगामी भर्ती परीक्षाओं को लेकर खासा उत्साह है। प्रशिक्षण में नियमित रूप से शामिल होकर युवा लिखित परीक्षा के साथ शारीरिक दक्षता की तैयारी भी कर रहे हैं। अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई गई कोचिंग से उन्हें परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित कक्षाएं, अभ्यास और मार्गदर्शन एक ही स्थान पर मिल रहा है।

वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अंतरविभागीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाले दावों के निराकरण की प्रक्रिया को लेकर बुधवार, 30 सितंबर 2026 को वन भवन, भोपाल से अंतरविभागीय हाइब्रिड कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना, वनमण्डल अधिकारी (उत्तर सामान्य) महेन्द्र सिंह उइके, वनमण्डल अधिकारी (दक्षिण सामान्य) गौरव मिश्रा एवं अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री सहित जनजातीय कार्य विभाग, राजस्व विभाग एवं वन विभाग के संबंधित अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।
कार्यशाला में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) सहित वन अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को अधिनियम के अंतर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया, ग्राम सभा एवं वन अधिकार समिति से प्रस्ताव प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा प्राप्त दावों के निराकरण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही ग्राम स्तर पर आवश्यक कार्रवाई तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग तरूण राठी ने सीएफआरआर से संबंधित संभाग एवं जिलेवार प्रगति पर ध्यान आकर्षित कराया। इसके पश्चात अध्यक्ष, जनजातीय कार्य प्रकोष्ठ, लोक भवन भोपाल श्री दीपक खांडेकर ने सीएफआरआर के संबंध में जानकारी दी। प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग राघवेन्द्र सिंह ने जिला कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त/जिला संयोजक से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निर्देशित किया गया कि 2 अक्टूबर 2026 को आयोजित ग्राम सभाओं में वन अधिकार अधिनियम एवं सीएफआरआर के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। वनमण्डल अधिकारियों तथा सहायक आयुक्त/जिला संयोजकों को भी सीएफआरआर से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले में वन अधिकार अधिनियम एवं सीएफआरआर से संबंधित कार्यों में प्रगति लाने के लिए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

किसानों को समय पर मिले सिंचाई सुविधा, नहरों की मरम्मत एवं सफाई कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक केवलारी श्री रजनीश सिंह, पूर्व विधायक श्री राकेश पाल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों के किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2026-27 की खरीफ सिंचाई की समीक्षा के साथ रबी सिंचाई के लक्ष्य एवं संचालन की प्रस्तावित योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त एवं निर्धारित समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंचाई व्यवस्था से जुड़ी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं तथा किसानों को सिंचाई के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।
कार्यपालन यंत्री तिलवारा बायीं तट नहर संभाग केवलारी द्वारा बताया गया कि संजय सरोवर वृहद परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में रबी सिंचाई के लिए 73,030 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य प्रस्तावित है। परियोजना की दांयी एवं बायीं तट नहरों से पलेवा एवं दो पानी प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। इसी प्रकार रूमाल माध्यम जलाशय से 850 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है। बैठक में पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत सिवनी जिले की बखारी एवं सिवनी शाखा से प्रस्तावित 42,785 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जानकारी दी गई। नहर निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर किसान प्रतिनिधियों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई। कलेक्टर श्रीमती मीना ने किसान प्रतिनिधियों की बात सुनते हुए संबंधित निर्माणकर्ता के साथ सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब से किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा कार्य में आवश्यक गति लाकर निर्धारित समय में पूरा किया जाए। कलेक्टर श्रीमती मीना ने रबी सिंचाई प्रारंभ होने से पूर्व अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत एवं सुधार कार्य समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

वृद्धजनों के सम्मान के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सिवनी स्थित वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना सहित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर वृद्धजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने वृद्धजनों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि जीवन के एक पड़ाव के बाद व्यक्ति को शारीरिक के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक रूप से समझना जरूरी होता है। उम्र बढ़ने के साथ व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के साथ अपनेपन और संवाद की भी आवश्यकता होती है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उनकी बातें सुनें और उनके अनुभवों से सीखें। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान केवल एक अवसर तक सीमित न रहकर हमारे व्यवहार और संस्कारों का हिस्सा होना चाहिए।
परिवार और समाज में बुजुर्गों को सम्मानजनक स्थान मिलने से उनके जीवन में आत्मविश्वास और प्रसन्नता बनी रहती है। उन्होंने वृद्धजनों के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनकी आवश्यकताओं और सुविधाओं का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।
जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान हमारी सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारी है। उनके अनुभव और जीवन से मिली सीख नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया ने कहा कि वृद्धजनों को सम्मान, अपनत्व और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज का दायित्व है। उनके साथ संवाद और सहभागिता से उन्हें आत्मीयता का अनुभव होता है।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गूंजी सेवा और जागरूकता की बात

रानी दुर्गावती वार्ड की आंगनवाड़ी में महिलाओं और बच्चों ने उत्साह से लिया हिस्सा, योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गुरुवार को आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गोविंदी सैयाम एवं भाजपा नगर मंत्री संदीप माना ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, पुष्पमाला अर्पित करने एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं उपस्थित हितग्राहियों को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना सहित महिलाओं एवं बच्चों के हित से जुड़ी अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया और योजनाओं के उद्देश्य से अवगत कराया गया। आंगन मिलन कार्यक्रम में बच्चों के लिए रंगोली एवं पेंटिंग गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई।
इस अवसर पर वार्ड पार्षद गोविंदी सैयाम एवं भाजपा नगर मंत्री संदीप माना ठाकुर ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली महिलाओं, बच्चों तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं और बच्चों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ उनके बीच जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।





आदिवासी देश के पहले मालिक हैं, उन्हें उनका हक मिलना चाहिए : राहुल गांधी

आदिवासियों के बीच पहुंचे राहुल गांधी ने कहा - कि राज्य सरकार बीमारी से निपटने पूरी तरह से असफल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिरसा ब्लाक के जगला गांव में बैगा आदिवासियों से मुलाकात की।कुपोषण और मलेरिया की वजह से यहां दर्जनों बच्चों की मौत हो गयी थी। उन्होंने मृत बच्चों के परिवार से मुलाकात कर सच्चाई को जाना और समझा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार 24 घंटे विकास की केवल बात करती है जबकि 24 घंटे भ्रष्टाचार करती है। यही वजह है कि यहां स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्टाचार की शिकार है।जब आदिवासी परिवार को सरकार की जरूरत थी तब वो उनके साथ नहीं थी। आदिवासी परिवार के बच्चों की मौत का मामला लोकसभा में उठाएंगे।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आदिवासी महिलाओं ने बताया कि लाड़ली बहना का पैसा नहीं मिलता है।राहुल गांधी ने गुरुवार को बालाघाट के बिरसा ब्लॉक के जगला गांव में बैगा आदिवासियों से मुलाकात की। यहां वे करीब एक घंटे रुके और बीमारी से जान गंवाने वाले बच्चों के परिवारों से भी मिले। राहुल से मिलने आसपास के गांवों से करीब डेढ़ हजार लोग पहुंचे। इससे पहले उन्होंने माटे प्राथमिक शासकीय स्कूल में बच्चों से मिड डे मील के बारे में जाना।

राहुल गांधी ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार रात दिन सिर्फ विकास की बातें करती है,जबकि भ्रष्टाचार भी चौबीसों घंटे चल रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय आदिवासी परिवारों के साथ सरकार खड़ी नजर नहीं आई।राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों की जमीन, मनरेगा, वन अधिकार कानून और जमीन के अधिकारों से जुड़े मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें अस्पताल और स्कूल जैसी सुविधाएं भी मिलनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि बीमारी और कुपोषण से कई बच्चों की मौत हुई लेकिन सरकार की और उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला। आधे से ज्यादा लोगों को मुआवजा नहीं दिया गया। हैरानी होती है कि गांव में स्कूल.अस्पताल की सुविधाएं नहीं हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर हर पांचवा व्यक्ति आदिवासी है।



राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से आदिवासी क्षेत्रों में अस्पताल,बिजली और पानी की सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात की। मध्य प्रदेश की आबादी में आदिवासियों की हिस्सेदारी 21.1:फीसदी है। यानी हर पांचवां व्यक्ति आदिवासी है। फिर भी सरकार प्रदेश में आदिवासियों की अनदेखी कर रही है। इसका असर चुनाव में भी दिखता है। विधानसभा की 230 सीटों में 47 सीटें एसटी की है। आरक्षित हैं जबकि 37 अन्य सीटों पर भी आदिवासी वोट अहम माना जाता है। यानी कुल 84 सीटों पर इसका असर है। लोकसभा की 29 सीटों म छह सीटें एसटी के लिए आरक्षित है।

राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों की जमीन, मनरेगा, वन अधिकार कानून और जमीन के अधिकारों से जुड़े मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने सरकार से अपनी जिम्मेदारी निभाने और आदिवासियों को उनका हक दिलाने की अपील की। राहुल ने कहा कि उन्हें अस्पताल और स्कूल जैसी सुविधाएं भी मिलनी चाहिए।राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी परिवारों की जमीन का मुद्दा है, लेकिन उन्हें मुआवजा तक नहीं मिला। उन्होंने सरकार से अपनी जिम्मेदारी पूरी करने और कम से कम परिवारों को जमीन का पट्टा देने की मांग की।



किसान 10 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से कराएं उपार्जन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खरीफ फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया 15 सितंबर से शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। एसडीएम कटंगी विजय सिंह यादव ने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि आगामी उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

किसान अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन अथवा सीएससी केंद्र के साथ-साथ सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं। कटंगी अनुभाग में कटंगी मुख्यालय के अलावा बनेरा, सिरपुर, भजियापार, खैरलांजी, समतपुरी, मानेगांव, अतरीसावंगी, आगरवाड़ा एवं जरामोह सहित संबंधित सेवा सहकारी समितियों में पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

एसडीएम ने किसानों से कहा है कि वे पंजीयन में किसी प्रकार की देरी न करें, क्योंकि संभावित रूप से दिसंबर माह में होने वाले उपार्जन के दौरान पंजीयन आवश्यक होगा। समय पर पंजीयन कराने से किसानों को उपार्जन संबंधी प्रक्रिया में अनावश्यक परेशानी से बचने में मदद मिलेगी।

आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और राजस्व दस्तावेज साथ लाएं

पंजीयन कराने के लिए किसानों को अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर तथा भूमि से संबंधित खसरा/राजस्व दस्तावेज लेकर संबंधित केंद्र पर पहुंचना होगा। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से पंजीयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र अपना पंजीयन सुनिश्चित कराएं।

अवैध कच्ची शराब से लेकर देसी-विदेशी शराब तक पहुंचने के आरोप

टेकाड़ी में शराब के खिलाफ महिलाओं का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कहते हैं जब घर के अंदर की कलह चौखट लांघकर सड़क पर आ जाए तो समझो सहनशीलता की सारी हदें पार हो चुकी हैं। जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम टेकाड़ी (का) में कुछ ऐसा ही हुआ है। यहां अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब, कटंगी की लाइसेंसी दुकानों से पहुंच रही देसी-विदेशी शराब और खुलेआम बिक रहे गांजे ने गांव के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर दिया है। नतीजा, भावी पीढ़ी को बचाने के लिए आखिरकार महिलाओं को ही मोर्चा संभालना पड़ा। गुरुवार दोपहर 2 बजे, टेकाड़ी की गलियों में एक अलग ही नजारा था। हाथों में तख्तियां, नशा मुक्ति समिति के बैनर और बुलंद हौसले के साथ गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में सड़क पर उतरी। उन्होंने गांव में जागरूकता रैली निकाली, घर-घर जाकर नशे के खिलाफ अलख जगाई और गांव में करीब 15 जगहों पर अवैध शराब बेचने वालों को सार्वजनिक रूप से चेतावनी दी कि अगर बिक्री बंद नहीं हुई तो अब महिलाएं चुप नहीं बैठेंगी।

75 फीसदी पुरुष शराबी, बच्चे भी पी रहे शराब-

रैली में शामिल महिलाओं ने बताया कि आज टेकाड़ी में 75 फीसदी पुरुष शराब पीने के आदी हो चुके हैं। शराब ने सिर्फ पुरुषों को ही नहीं, पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया है। नशा मुक्ति समिति की अध्यक्ष



पूर्णिमा ने बताया, मेरे पति शराब पीते हैं। कमाकर जो लाते हैं, उसका एक बड़ा हिस्सा दारू में उड़ा देते हैं। घर में खाने को अनाज तक नहीं बचता। रोज लड़ाई-कलह होती है। यह सिर्फ मेरी कहानी नहीं, इस गांव की हर दूसरी महिला की यही कहानी है। पूर्णिमा बताती हैं कि गांव में करीब 15 लोग खुलेआम शराब बेच रहे हैं। दो तरह की शराब बिक रही है। एक तो गांव में ही हाथ भट्टी से बनने वाली कच्ची शराब, जो सबसे ज्यादा जहरीली और सस्ती है। दूसरी, कटंगी शहर की लाइसेंसी देसी-विदेशी शराब दुकान से कर्मचारी गांव में लाकर सप्लाई कर रहे हैं। कमीशन पर गांव में बेची जा रही इस शराब ने सरकारी सिस्टम पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। अगर लाइसेंसी दुकान की शराब गांव में अवैध रूप से बिक रही है तो क्या आबकारी विभाग और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं? सबसे चिंताजनक बात संगीता वाघाड़े ने बताई। उन्होंने बताया कि गांव के बच्चे भी नशे की गिरफ्त में है। गांव में 14 से 15 साल के लड़के भी शराब पीने लगे हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक नशे के आदी हो चुके हैं। शराबी घर आकर पूरे परिवार को पीटते हैं, गाली देते हैं।

वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के तहत सांदीपनी विद्यालय मलाजखंड में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के अवसर पर सांदीपनी विद्यालय मलाजखंड में वन विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए वन्यजीव संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला एवं रचनात्मकता के माध्यम से वन्यजीवों और प्रकृति के संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने चित्रों में बाघ सहित विभिन्न वन्यजीवों, वन क्षेत्रों, जैव विविधता तथा मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया। चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने वन संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रकृति एवं वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना समय की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के उत्साह एवं रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की गई। अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए "वन बचाएं वन्यजीव बचाएं, पर्यावरण बचाएं" का संदेश दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान में उत्कृष्ट विद्यालय लांजी की तनवी बोपचे ने जिला स्तर पर हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विकासखंड से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को सम्मिलित किया गया। जिसमे लाँजी विकासखंड से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लाँजी की कक्षा 9वीं अंग्रेजी माध्यम की प्रतिभावान छात्रा तनवी बोपचे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं लाँजी क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। जिले से चयनित छात्र प्रदेश स्तर पर अपने प्रतिभा को प्रस्तुत करेंगे।

छात्रा के इस भाषण प्रतियोगिता का विषय "मेरे सपनों का भारत" था। तनवी बोपचे ने अपने प्रभावशाली भाषण के माध्यम से भारत के विकास, शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी प्रगति,अर्थव्यवस्था, रोजगार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने वक्तव्य में ऐसे भारत की कल्पना प्रस्तुत की, जो आत्मनिर्भर, शिक्षित, स्वच्छ, समृद्ध और विश्व में अग्रणी हो।

तनवी ने आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतीकरण, स्पष्ट उच्चारण, प्रभावी भाषा-शैली एवं विषय की सशक्त अभिव्यक्ति से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

तनवी की इस उपलब्धि पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाँजी के प्राचार्य श्री डी. के. फुल्लारे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार होते हैं।

विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भी तनवी बोपचे को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करना विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

सेवा संकल्प अभियान गतिविधि 'आंगन मिलन सेवा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत डॉ. सुधन्वासिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलांजखण्ड द्वारा आंगन मिलन सेवा गतिविधि का आयोजन आंगनबाड़ी कोड क्रमांक 23457040811, वार्ड क्रमांक-20, सुहाना नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनके पोषण एवं शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में बच्चों को पोषणयुक्त स्वल्पाहार एवं पठन सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से पढ़ने, स्वच्छता अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.के. धुर्वे के निर्देशन में तथा सेवा संकल्प अभियान-2026 के नोडल अधिकारी प्रो. आर. के. पिवहरे के समन्वय में किया गया। गतिविधि के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वाति सिंह, सुश्री रोशनी सुलाखे एवं डॉ. विजयश्रीकांत मिश्रा रहे। कार्यक्रम में डॉ. एस.एल. मंडावी, प्रो. संदीप गेडाम एवं डॉ. आशीष बागड़े की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही कर्मचारीगण रामदास पनरिया, प्रकाश धुर्वे, प्रमोद धुर्वे एवं चंदन नेवारे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक सेविकाओं की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर पठन-पाठन एवं सेवा गतिविधियों में सहभागिता करते हुए सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। आंगन मिलन सेवा गतिविधि के माध्यम से बच्चों के पोषण, शिक्षा और आत्मीय सहयोग की दिशा में एक सार्थक पहल की गई।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शास. उच्च. माध्य. विद्यालय जाम में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



1 अक्टूबर को शास. उच्च. माध्य. विद्यालय जाम मे सेवा संकल्प अभियान जो 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक निरंतर जारी है के अंतर्गत आज विद्यालय में संकुल प्राचार्य श्री एमन्त ठाकरे के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय श्रीमती मौसम हरिनखेड़े राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) के मुख्य आतिथ्य मे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी वाय. आर. गजभिए की अध्यक्षता में साथ ही जनपद उपाध्यक्ष (शिक्षा समिति अध्यक्ष) किशोर पालीवाल, मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव अवधिया, सत्येंद्र दमाहे, बीआरसी राम तुरकर, टोपराम बिसेन, राधेश्याम बिसेन, एस. एम. सी अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार ठाकरे, उपाध्यक्ष रविंद्र मेश्राम के विशेष आथित्य में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का भली भांति पालन करने एवं उनकी जानकारी देने के लिए आदरणीय मौसम दीदी, आदरणीय पालीवाल जी, आदरणीय अवधिया जी द्वारा सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया गया, तत्पश्चात मंचासीन होकर मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा पर्यावरण गीत एवं एक नाटिका प्रस्तुत की गई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में रखे गए समस्त कलाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

मुख्य अतिथि मौसम दीदी द्वारा अपने उद्बोधन में मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ का विस्तार से वर्णन किया गया। वर्ष 2026 में कक्षा दसवीं में प्रदेश की प्राविण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र विनायक ठाकरे एवं उनके पिता श्री शिव कुमार ठाकरे जी का स्वागत किया गया। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक बालक एवं एक बालिका को शासन से स्कूटी प्राप्त छात्र-छात्राओं को स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। इसी प्रकार लैपटॉप प्राप्त आधा सैकड़ा छात्र-छात्राओं को बधाइयां दी गई। शासन से प्राप्त लाभांश पर उनसे चर्चा की गई और भविष्य के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। और उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को आगामी समय में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा लैपटॉप हासिल करने स्कूटी योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के शिक्षक श्री आर. सी बिसेन द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्रीमती पुष्पलता बघेले द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

ग्राम लवेरी के आंगनवाड़ी में आंगन मिलन समारोहपूर्वक मनाया गया

बच्चों ,महिलाओं को पोषण स्वास्थ्य और शिक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। आंगनबाड़ी आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सितंबर 2026 में देश भर के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया जा रहा है! यह एक विशेष लोक उत्सव है! यह कार्यक्रम महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी श्रीमती अमृता कुजूर के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में तीनों आंगनबाड़ी एकत्र होकर एक साथ इस कार्यक्रम को मनाया गया।सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस कार्यक्रम में जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती चेतना अजय कराहे उपस्थिति रही। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रूपेश सोनेकर, पीतांबरी राहंगडाले, द्वारका टेंभरे सहायिका मीरा नागपुरे और अन्य गांव के नागरिक महिलाओं की उपस्थिति तथा ग्राम पंचायत के सचिव उम्मेदलाल राहंगडाले की उपस्थिति इस कार्यक्रम में सराहनीय रही।इस कार्यक्रम में गांव की गर्भवती धात्री महिलाएं पलकगण इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, कार्यक्रम के माध्यम से सभी महिलाओं को स्वास्थ्य पोषण आहार हरी सब्जियों का सेवन करने विशेष कर मुंगना की सब्जी के बारे में विशेष कर बताया गया। तथा हाथ धुलाई कार्यक्रम को वृक्षारोपण भी किया गया तथा साफ सफाई का महत्व समझाया। अतिथियों का स्वागत फूल माला से किया गया।

